सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

#ऑपरेशन त्रिनेत्र **प्रेस नोट दिनांक 18.01.2025**

डिजिटल लॉक तोड़कर कन्टेनर से मोबाइल की चोरी करने वाले वाँछित 04 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी किये गये कुल 53 मोबाइल, 01 क्रेटा कार, 01 सोने का हार व 15,68,280/- रूपये नकद (मोबाइल बेचकर अर्जित किये गये) किये गये बरामद ।

(कुल अनुमानित कीमत 60 लाख रूपये)

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी नगर इटावा के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.01.2025 को वादी (ट्रान्सपोर्ट मैनेजर) दुर्गेश मिश्रा पुत्र त्रिगुणानन्द निवासी मड़कड़ा देवरिया द्वारा थाना इकदिल पर सूचना दी गयी कि वह फर्म मेडालियन ट्रान्सलीन एलएलपी में ट्रान्सपोर्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है, मेरी फर्म की वाहन संख्या- NL01 AG 5188 दिनांक 29.12.2024 को दिल्ली स्थित डिपो से माल को लोड करके कोलकाता जाने के लिये निकला था। वाहन में कुल 21 करोड़ रूपये का माल था। दिनांक 31.12.2024 को जब कोलकाता डिपो में वाहन पहुँचा तो उसमें माल का मिलान करने पर 1.75 करोड़ रूपयों का माल कम पाया गया। जिस पर घटना की जानकारी करने के सम्बन्ध में गाड़ी पर लगे जीपीएस को चैक करने पर पाया गया कि ड्राइवरों द्वारा जनपद इटावा के थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत स्थित नारायण ढ़ाबा पर गाड़ी को काफी देर तक रोककर इलेक्ट्रानिक ताले के साथ छेड़छाड़ की गयी थी। **सूचना पर थाना इकदिल पर मु0अ0सं0 11/2025 धारा 316(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटना को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 15.01.2025 को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा **कुल 06 अभियुक्तों को को गिरफ्तार** कर जेल भेजा जा चुका है। एवं उनके कब्जे से **कुल 202 मोबाइल फोन, प्लास, पेचकस, डिजिटल लॉक, सील सहित चोरी की घटना में सहायक अन्य उपकरण एवं कुल 10,50,000/- रूपये नकद (कुल अनुमानित कीमत 01 करोड़ रूपये) बरामद किये गये थे ।** जिनसे पूछताछ के आधार पर अन्य अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी इसी के क्रम में 18.01.2025 को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना

क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर **मु0अ0सं0 11/2025 से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को क्रेटा कार सहित ग्वालियर बाईपास पर स्थित गौशाला के पास से समय 12.10 बजे गिरफ्तार किया गया ।**

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 53 मोबाइल, 15,68,280/- रूपये नकद, 01 सोने का हार तथा 01 वाई-फाई डोंगल बरामद किया गया।

बरामद क्रेटा कार को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. अमित कुमार सिंह पुत्र सतेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी तिलका मांझी जगदीशपुर थाना बरारी जनपद भागलपुर (बिहार) **उम्र करीब 25 वर्ष**
2. अतुल पुत्र राजकुमार निवासी अकराबाद थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ **उम्र करीब 32 वर्ष**
3. विकास पुत्र सुनील कुमार निवासी- लोहगढ़ थाना अतरौली, जनपद अलीगढ़ **उम्र करीब 30 वर्ष**
4. विकास पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी बाबूराम बजन की गली भिवाड़ी थाना भिवाड़ी जनपद भिवाड़ी हरियाणा हाल निवासी शकूरपुर बस्ती रेलवे स्टेशन के पास थाना शकूरपुर नई दिल्ली **उम्र करीब 27 वर्ष ।**

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त अतुल पुत्र राजकुमार

1. मु0अ0सं0 216/2024 धारा 120बी/34/428/411 भादवि थाना फेज द्वितीय कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर।
2. मु0अ0सं0 11/2025 धारा 316(2)/317(2) बीएनएस थाना इकदिल जनपद इटावा।

बरामदगीः- (कुल अनुमानित कीमत 60 लाख रूपये)

1. 53 मोबाइल मोटोरोला कम्पनी **(चोरी किये गये)**
2. 01 क्रेटा कार
3. 15,68,280/- रूपये नकद **(चोरी के मोबाइल बेचकर अर्जित किये गये)**
4. 7,00,000/- रूपये फ्रीज कराये गये **(राजीव उर्फ राजवीर के एकाउन्ट)**
5. 01 सोने का हार **(अनुमानित कीमत 1,50,000/-)**
6. 01 वाई-फाई डोंगल।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 11/2025 धारा 316(2)/316(3)/317(2)/61(2) बीएनएस थाना इकदिल जनपद इटावा।

पुलिस टीम- प्रथम टीमः- निरी0 श्री जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरी0 श्री विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना इकदिल, उ0नि0 करनवीर, उ0नि0 अजय कुमार, हे0का0 धीरेन्द्र का0 सचिन बाजपेई।